**Page Three**

**Classified**

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# उत्तराखंड बन रहा फिल्म शूटिंग का पसंदीदा डेस्टीनेशन : महाराज

मुलाकात

मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में फिल्म प्रोडक्शन हाउस के निर्माताओं ने पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से मुलाकात की

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने शुक्रवार को मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में फिल्म जगत से जुड़े निर्माता निर्देशकों से बातचीत करते हुए कहा कि उत्तराखंड में फिल्म नीति के तहत कई आकर्षक सुविधाएं दी जा रही हैं। हम अपने राज्य में अपनी फिल्म परियोजनाओं के लिए आने के इच्छुक निर्माताओं और निदेशकों के लिए अधिक से अधिक बुनियादी ढांचे को सुविधाजनक बनाने और विकसित करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री और उनकी टीम से मिलने के लिए आज करीब 33 प्रोडक्शन हाउस से जुड़े निर्माता निर्देशक मौजूद रहे। जिसमें धर्मा प्रोडक्शन, महेश कोठारे, नेटफ्लिक्स, एमेजॉन प्राइम, बालाजी टेलीफिल्म्स,



भंसाली प्रोडक्शन, एंडेमोल शाइन इंडिया, जियो स्टूडियो, सलमान खान वेंचर्स, एमएक्स प्लेयर, राजश्री प्रोडक्शन जैसे प्रसिद्ध प्रोडक्शन हाउस हैं। इस बैठक का उद्देश्य फिल्म शूटिंग के लिए उत्तराखंड को एक आदर्श गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना था। पर्यटन मंत्री ने बैठक के दौरान बताया कि मैन वर्सेज वाइल्ड की शूटिंग उत्तराखंड में हुई थी जहां प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी बेयर ग्रिल्स के साथ नजर आए थे।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि सुंदर भव्य पर्वतों, नदियों, खूबसूरत नजारों, वास्तुशिल्प के कारण उत्तराखंड आकर्षक रचनात्मक स्थलों में सदैव शामिल रहा है। पहाड़ की विहंगम और खूबसूरत वादियों में शूटिंग के लिए फिल्मी सितारे लगातार उत्तराखंड का रुख कर रहे हैं। उत्तराखंड को दुनिया का पसंदीदा फिल्म डेस्टिनेशन बनाने के लिए हमारी सरकार निरंतर काम कर रहे हैं। महाराज ने बताया कि पूर्व में प्रसिद्ध फिल्म मधुमती, भीगी रात, कटी पतंग, लक्ष्य, केदारनाथ, स्टूडेंट ऑफ द ईयर, कोई मिल गया, लक्ष्य, दम लगा के हैय स्या, बत्ती गुल मीटर चालू सहित अनगिनत फिल्मों की शूटिंग कर चुके हैं।

शूटिंग के लिए देवभूमि का कॉर्बेट नेशनल पार्क, ऋषिकेश, रानीखेत और मसूरी के पर्यटक स्थल आकर्षण के केंद्र हैं। इतना ही नहीं उत्तराखंड के चार धामों केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री जैसे तीर्थ स्थलों में श्रद्धालुओं की दिलचस्पी बढ़ रही है।

सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर ने बताया कि उत्तराखंड में फिल्म शूटिंग की अपार संभावनाएं हैं। हम निर्माताओं और निर्देशकों का स्वागत करते हैं और विशेष रूप से उत्तराखंड के ऑफबीट डेस्टिनेशनों में शूटिंग करें।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी और शास्त्री को याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को उनकी जयंती पर याद किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने दोनों महान हस्तियों को पुष्पंजली अर्पित की तथा संकल्प लिया कि हम दोनो की नीतियों पर चल कर देश के विकास की बात करेंगे तथा अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश की रक्षा करेंगे। वही नेताजी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कचहरी परिसर मे शहीद स्मारक मे जा कर 2 अक्टूबर 1994 को मुजफ्फरनगर मे राज्य प्राप्ति के लियें शहीद हुये आन्दोलनकारियों को श्रधान्जली अर्पित की । इस मौके पर उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि वह मुजफ्फरनगर गोली काण्ड के शहीदों को न्याय दिलाए। इस अवसर पर श्रधान्जली देने वालों मे अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता,प्रभात डंडरियाल,आरिफ वारसी,अरुण खरवणदा,प्रवीण शर्मा आदि मौजूद रहे।

### वार्नर म्यूजिक और जेटसिंथेसिस ने की खास रणनीतिक साझेदारी

**संवाददाता** देहरादून। यूएस स्थित मुख्यालय वाली बहुराष्ट्रीय मनोरंजन और रिकॉर्ड लेबल समूह वार्नर म्यूजिक ग्रुप (डब्ल्यूएमजी) और नए युग की डिजिटल मनोरंजन और प्रौद्योगिकी कंपनी जेटसिंथेसिस एक विशेष रणनीतिक साझेदारी की घोषणा करने के लिए एक साथ आए हैं। इस साझेदारी के साथ, जेटसिंथेसिस संगीत लेबल लाइसेंसिंग और अधिग्रहण, कलाकार प्रबंधन, इवेंट मैनेजमेंट, संगीत में मूल सामग्री निर्माण, स्माल वीडियो और फिल्मों के साथ–साथ मोबाइल गेमिंग और एस्पोर्ट्स से संबंधित सभी चीजों के लिए डब्ल्यूएमजी का भारत में आधिकारिक भागीदार बन गया है।

### रेड बुल डांस योर स्टाइल इंडिया फाइनल के शीर्ष 16 फाइनलिस्ट्स की घोषणा

**संवाददाता** देहरादून। वैश्विक स्ट्रीट डांस इवेंट सीरीज रेड बुल डांस योर स्टाइल का आयोजन पहली बार इस साल भारत में एकदम अनूठे फॉर्मेट के साथ होने जा रहा है। दुनिया भर के 30 देशों में आयोजित 90 से अधिक कार्यक्रमों के साथ, रेड बुल डांस योर स्टाइल वास्तव में एक अनोखे ट्विस्ट वाला इवेंट है, जिसमें भीड़ (क्राउड) ही जज होती है। विभिन्न स्ट्रीट डांस जॉनर्स के डांसर्स वन–ऑन–वन बैटल्स में हाल के वैश्विक हिट से लेकर क्लासिक बीट्स समेत मुख्यधारा के ट्रैक पर एक दूसरे का मुकाबला करते हैं। इस कार्यक्रम में एक अनोखी वोटिंग प्रणाली के जरिए भीड़ यह तय करती है कि कौन विजेता बनेगा।

## संस्कृति एवं संस्कार से जोड़ती है खादीः कौशिक

**संवाददाता** देहरादून। गांधी–शास्त्री जयंती पर चल रहे देशव्यापी अभियान के अंतर्गत खादी वस्त्रों की खरीदारी करने चकराता रोड देहरादून स्थित गांधी खादी स्टोर पर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने मिडिया से बातचीत में कहा कि खादी हमें अपनी संस्कृति एवं संस्कार से जोड़ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों द्वारा खादी के वस्त्र क्रय करने से इस उद्योग को बल मिला है और खादी की बिक्री में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है।

हम भी प्रदेश के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से इस अवसर पर खादी से बने वस्त्र एवं अन्य उत्पाद खरीदने करने की अपील कर रहे हैं ताकि खादी उद्योग से जुड़े व्यक्ति न सिर्फ आत्मनिर्भर बन सकें बल्कि हमारी मूल संस्कृति का भी प्रचार–प्रसार हो। आज ही के दिन रामपुर तिराहा पर शहीद हुए आंदोलनकारियों को याद करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक के हृदय में उनका सम्मान है और हम उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए कटिबद्ध है। एक प्रश्न के उत्तर में मदन कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड दौरा प्रस्तावित है पर अभी यह सरकारी स्तर पर है संगठन के स्तर पर विस्तृत कार्यक्रम की प्रतीक्षा है।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक हरबंस कपूर, प्रदेश प्रवक्ता विनय गोयल, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी शेखर वर्मा आदि उपस्थित रहे।



### उच्चाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, श्रीमती मनीषा पंवार, आनंद वर्धन, प्रमुख सचिव, सचिवों सहित अन्य उच्चाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शनिवार को सचिवालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर राम धुन बजाई गई। मुख्य सचिव द्वारा इस अवसर पर सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

## जन्म दिवस पर बापू और शास्त्री का भावपूर्ण स्मरण, आदर्शों के अनुसरण का लिया संकल्प

भाजपा कार्यकर्ताओं ने बापू व शास्त्री के चित्र पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भाजपा प्रदेश मुख्यालय में उनका भावपूर्ण स्मरण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा यह दिन हमारे लिए गांधी जी के संघर्ष और त्याग को स्मरण करने का अवसर है। हम सब उनकी शिक्षा, आदर्शों और जीवन–मूल्यों का अनुसरण करते हुए यह संकल्प लें कि हम सब उनके सपनों का भारत बनाने की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहें।

उन्होंने शास्त्री जी को नमन करते हुए कहा कि वह देश के एक महान सपूत थे जिन्होंने पूर्ण निष्ठा, समर्पण तथा लगन के साथ राष्ट्र की सेवा की। उनकी सादगी, सदाचार और सत्यनिष्ठा आज भी सभी देशवासियों के लिए प्रेरणा के स्रोत है। उन्होंने कम समय में ही भारत को उसकी पहचान दिलाने में विश्व पटल पर अमिट छाप छोड़ी। 1962 के युद्ध में विश्व ने उनके राजनीतिक कौशल को देखा और ष्जय जवान जय किसान का नाराष् देते हुए प्रत्येक भारतीय को एक दूसरे से जोड़ने का अटूट कार्य किया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2 अक्टूबर का दिन उत्तराखंड राज्य के निर्माण की नीव के रूप में भी इतिहास के पन्नों में इंगित है। 2 अक्टूबर के दिन ही प्रामपुर तिहारेष पर भीषण गोली कांड हुआ था। जिसमें असंख्य उत्तराखंड वासियों ने बलिदान, गोलियों और लाठी–डंडों को सहा था। उन्होंने कहा कि बीजेपी मात्र एक ऐसी पार्टी है जो गांधी जी के सपनों को साकार करने में लगी हुई है। केंद्र में मोदी सरकार ने जिस प्रकार स्वरोजगार व आत्मनिर्भर भारत जैसे आयाम देश के सामने प्रस्तुत किए हैं वह गांधी जी के सपनों को पूरा करने में सिद्ध साबित होंगे। करोना काल में पूरे विश्व ने देखा है कि हमने अपने देश को तो वैक्सीन देने का कार्य किया ही अपितु दूसरे देशों को भी वसुदेव कुटुंबकम के राह पर चलते हुए उनको भी उपलब्ध कराने का विश्व बंधुत्व का कार्य किया।

### भारत की एवरेस्ट ट्विन्स ताशी और नुंग्शी मलिक स्विस आल्प्स की चोटी पर पहुंचीं

**संवाददाता** देहरादून। एवरेस्ट ट्विन्स के नाम से मशहूर भारत की जुड़वा पर्वतारोही बहनों– ताशी और नुंग्शी मलिक ने स्विट्जरलैंड की 100 प्रतिशत वुमन पीक चौलेंज में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस चैलेंज के तहत इन जुड़वा बहनों ने स्विस आल्प्स की 4000 मीटर (13,000 फीट) ऊंची दो चोटियों को फतह किया। इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इस वर्ष चलाए गए 100 प्रतिशत वुमन ओनली अभियान के अंतर्गत यह चैलेंज शुरू किया गया था। केवल महिलाओं की टीमों को स्विस आल्प्स की 13,000 फीट ऊंची सभी अड़तालीस चोटियों पर चढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना इसका उद्देश्य था। मलिक बहनों ने माउंट ब्रेथॉर्न (13,662 फीट) और एलालिनहॉर्न (13,212 फीट) चोटी पर विजय प्राप्त की। नुंग्शी ने बताया, इस पीक चौलेंज में भारत और भारतीय महिलाओं के प्रतिनिधित्व का न्यौता देने के लिए हम स्विट्जरलैंड के आभारी हैं!